कृपा | by Kamal Kanha Sukhwani

जिसने भी लगाया जयकारा
दुनिया से फिर ना वो हारा
तूने उसे थाम लिया रे
जिसने तेरा नाम लिया रे

श्याम श्री श्याम श्री श्याम श्री श्याम
श्याम श्री श्याम श्री श्याम श्री श्याम

श्याम कृपा तुम ऐसी कर दो खाटू में बस जाऊं
डेरा मेरा यहीं बसा दो लौट के घर ना जाऊं
मणि तो राहों का बंजारा
फिरता हूँ मैं मारा मारा
तूने उसे थाम लिया रे
जिसने तेरा नाम लिया रे

जिसने भी ये नाम लिया है वो प्रेमी कहलाया
गोद में लेकर तूने उसके सर पर हाथ फिराया
जिसको था सबने दुत्कारा
बेचारा था ग़म का मारा
तूने उसे थाम लिया रे
जिसने तेरा नाम लिया रे

श्याम की चौखट पा कर जीवन में प्रकाश आएगा
विक्की के जीवन से फिर अँधियारा मिट जाएगा
कान्हा चमकेगा बन तारा
बन जाएगा सबका प्यारा
तूने उसे थाम लिया रे
जिसने तेरा नाम लिया रे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a5%83%e0%a4%aa%e0%a4%be-by-kamal-kanha-sukhwan/